**स्पीड पोस्ट**

एसटीसी/सा.प्र.प्र./2014-15/कोटेशन्स/एएमसीफोटोस्टेट दिनांक – 07.01.2015

**विषय – एसटीसी जवाहर व्यापार भवन, नई दिल्ली में लगभग 41 केनन फोटोकापियर्स की एएमसी हेतु कोटेशन्स**

1. स्टेट ट्रेडिंग कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड में केनन फोटोकापियर्स के संबंध में एक वर्ष की अवधि हेतु वार्षिक रखरखाव संविदा ( प्रति कापी ) हेतु मोहरबंद कोटेशन्स / दरें आमंत्रित की जाती हैं । इस अवधि को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार समय-समय पर एसटीसी द्वारा निर्णय के अनुसार आगे बढ़ाया जा सकता है –
   - **लगभग 41 केनन फोटोकापियर्स का रखरखाव और टोनर बदलना तथा इनके कलपुर्जों की मरम्मत और इन्हें बदलना ( सूची संलग्न है )**
2. सभी मरम्मत कार्य जवाहर व्यापार भवन के परिसर में ही किया जाएगा ।
3. उद्धरित दरें संविदा अवधि हेतु वैध रहेंगी । एएमसी की अवधि के दौरान दरों में किसी प्रकार की बढ़ोतरी स्वीकार नहीं की जाएगी । संतोषजनक सेवा होने पर संविदा को मांग के अनुसार उपयुक्त पाए जाने पर आगे की अवधि हेतु बढ़ाया जा सकता है । एसटीसी को बगैर कोई कारण बताए किसी भी समय इस संविदा को समाप्त करने का अधिकार है ।
4. धरोहर जमा राशि के लिए नई दिल्ली में देय एसटीसी ऑफ इण्डिया लिमिटेड के पक्ष में लिखा गया रूपए 5000 (रूपए पॉच हजार केवल) का डिमांड ड्राफ्ट/ बैंकर्स चेक कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना चाहिए । असफल निविदाकर्ता की धरोहर जमा राशि निविदाओं को अंतिम रूप दिए जाने पर उन्हें वापिस लौटा दी जाएगी । धरोहर राशि पर कोई ब्याज नहीं लिया जाएगा ।
5. आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त कार्य हेतु दरें उद्धरित करें तथा कोटेशन एक मोहरबंद लिफाफे में ऊपर की तरफ "**केनन फोटोकापियर्स की एएमसी हेतु कोटेशन्स** " लिखा जाना चाहिए तथा इस लिफाफे को दिनांक 28.01.2015 को या इससे पहले अपराह्नन 3.00 बजे तक स्वागत कक्ष, भूतल जवाहर व्यापार भवन, स्टेट ट्रेडिंग कार्पोरेशन आफ इण्डिया लिमिटेड, 1 टालस्टाय मार्ग, नई दिल्ली – 110001 में रखे गए निविदा बॉक्स में जमा किया जाना चाहिए ।

दर्शायी गयी तारीख और समय के बाद प्राप्त होने वाली कोटेशन स्वीकार नहीं की जाएगी । कोटेशन्स दिनांक 28.01.2015 को अपराह्नन 3.30 बजे खोली जाएंगी। आप या आपके प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन्स खुलने के समय उपस्थित होने के लिए स्वतंत्र हैं एसटीसी को किसी भी कोटेशन्स को पूर्णतया या आंशिक रूप से बगैर कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार है । एएमसी की सामान्य शर्तें और नियम संलग्न हैं ।

धन्यवाद,

भवदीय,

वास्ते एसटीसी ऑफ इण्डिया लिमिटेड

( द्वारका प्रसाद )

मुख्य प्रबंधक (प्रशासन)

## सामान्य शर्तें और नियम

**विषय - एसटीसी जवाहर व्यापार भवन, नई दिल्ली में स्थापित केनन फोटोकापी मशीनों हेतु वृहद वार्षिक रखरखाव संविदा**

एसटीसी जवाहर व्यापार भवन, नई दिल्ली में स्थापित निम्नलिखित 41 फोटोकापी मशीनों हेतु वृहद वार्षिक रखरखाव संविदा के संदर्भ में 1 वर्ष की अवधि हेतु मोहरबंद लिफाफे में कोटेशंस आमंत्रित की जाती हैं । कोटेशंस इस कार्यालय में दिनांक 28 ,01 ,2015 (अपराह्नन 3.00 बजे तक) या इससे पहले पहुँच जानी चाहिए । फोटो कापी मशीनों का विवरण इसके साथ संलग्न है ।

2. दरें प्रतिकापी ( पर कॉपी ) आधार पर उद्धरित की जाएं । फर्म सभी कलपुर्जे / टोनर आदि प्रदान करेगी । इन मशीनों के लिए संविदा अवधि के दौरान केवल मूल कलपुर्जे आदि लिए जाएंगे तथा कलपुर्जों और टोनर्स आदि को बदलने / परिवर्तन हेतु कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा । यह फर्म की जिम्मेदारी होगी कि सभी फोटोकापी मशीनें अच्छी कार्यस्थिति में हों तथा वे मशीनों को ठीक करवाने के लिए तुरंत कार्रवाई करेंगे। फर्म खराब फोटो कापी मशीन के लिए उस समय तक के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करेंगी जब तक कि मशीन की मरम्मत नहीं हो जाती है । ऐसा वहॉ किया जाएगा जहॉ कोई विलम्ब हो रहा है । इनमें कुछ फोटो कापी की मशीनें वारंटी के अधीन हैं तथा इन फोटोकापीयर्स के संबंध में एएमसी वारंटी की समाप्ति पर फर्म के सुपुर्द कर दी जाएगी ।

3. निविदाकर्ता के पास कम से कम 3 सरकारी कार्यालयों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में इसी प्रकार के कार्य का ( केनन फोटो कापी मशीनों की वृहद एएमसी ) कम से कम 5 वर्षों का होना चाहिए तथा उन्हें इस आशय के निष्पादन प्रमाणपत्रों सहित समर्थन कागजात प्रस्तुत करने चाहिए । उनके पास एक नियमित कार्यस्थल, तकनीकी रूप से योग्य इंजीनियर होने चाहिए तथा आवश्यक संसाधन और ढांचागत सुविधाएँ होनी चाहिए ताकि अपेक्षित सामग्री और सेवाएँ प्रदान की जा सकें । उनके पास आसान पहुँच के लिए कार्यरत टेलीफोन / मोबाइल फोन सुविधा होनी चाहिए । अपेक्षित कागजातों के बिना निविदाएँ अस्वीकार कर दी जाएंगी । विक्रेता को किसी भी संगठन / विभाग द्वारा काली सूची में डाला हुआ नहीं होना चाहिए । इस आशय का वचनपत्र प्रस्तुत किया जाए ।

4. कोटेशंस प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा इंकपैन या बालपैन में सही प्रकार से भरकर और हस्ताक्षर करके प्रस्तुत किया जाना चाहिए । जो निविदाएँ पेंसिल से लिखी होंगी अथवा मिटाई गयी / ओवरराइटन होंगी उन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

5. निविदाकर्ता को कार्य के संबंध में अपने नियम और शर्ते ऑफर करने की स्वतंत्रता नहीं होगी । इसका अर्थ है कि निविदाकर्ता उल्लेखित नियम और शर्तों से विचलन नहीं कर सकता है अन्यथा कोटेशंस अस्वीकार कर दी जाएंगी ।

6. कोटेशंस मोहरबंद लिफाफे में ऊपर की ओर " फोटोकापी मशीनों की एएमसी " लिखकर प्रत्यय पत्र (क्रिडेंशल्स)और समर्थक कागजातों के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिए।

7. कोटेशंस रूपए 5000 (रूपए पाँच हजार केवल ) की प्रतिदेय धरोहर जमा राशि के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिए । धरोहर जमा राशि एक डिमांड ड्राफ्ट / पेआर्डर के रूप में होगी जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से एसटीसी ऑफ इण्डिया लिमिटेड के पक्ष में नई दिल्ली में देय होंगे । धरोहर जमा राशि जब्त कर ली जाएगी यदि पार्टी अपनी आफर वापिस ले लेती है या अन्य कोई कारण जो भी हो । धरोहर जमा राशि के बगैर प्राप्त की गयी कोटेशंस अस्वीकार कर दी जाएगी । असफल निविदाकर्ता के संबंध में धरोहर जमा राशि संविदा प्रदान किए जाने के पश्चात वापिस लौटा दी जाएगी तथा इसे सफल ठेकेदार के संबंध में इस कार्यालय द्वारा संविदा के सही निष्पादन हेतु सुरक्षा जमा राशि में समायोजित कर दिया जाएगा । धरोहर जमा राशि / सुरक्षा जमा राशि पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा ( सुरक्षा जमा राशि बगैर किसी ब्याज के मशीनों के सभी प्रयोक्ताओं से संतोषजनक सेवा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर सम्पूर्ण संविदा अवधि की समाप्ति के पश्चात ही वापिस की जाएगी ।

8. सफल पार्टी से यह अपेक्षा की जाएगी कि वे ब्याज मुक्त सुरक्षा जमा राशि बैंक ड्राफ्ट/पेआर्डर/बैंकर्स चेक के रूप में वार्षिक संविदा मूल्य की 10 प्रतिशत राशि के समकक्ष के रूप में सुरक्षा जमा राशि एसटीसी ऑफ इण्डिया लिमिटेड के पक्ष में संविदा प्रदान किए जाने के पत्र की प्राप्ति के 14 दिन के अंदर अथवा कार्यप्रारंभ करने से पहले जो भी पहले हो, प्रस्तुत करेगा । सुरक्षा जमा राशि मशीनों के सभी प्रयोक्ताओं से संतोषजनक सेवा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर सम्पूर्ण संविदा अवधि की समाप्ति के पश्चात सुरक्षा जमा राशि बिना किसी ब्याज के वापिस कर दी जाएगी ।

9. कार्यालय परिसर से बाहर के कार्य के लिए कोई भी अतिरिक्त प्रभार अदा नहीं किया जाएगा । इस प्रकार के मामलों में परिवहन और श्रम प्रभार ठेकेदार द्वारा वहन किए जाएंगे ।

10. फर्म द्वारा उद्धरित दरें किसी भी मामले में संविदा की अवधि के दौरान नहीं बढाई जाएंगी ।

11. आपातकालीन मामलों में मांग किए जाने पर मशीनों की मासिक सर्विसिंग अनुभवी सेवा इंजीनियरों द्वारा की जाएगी ।

12. फोटोकापी मशीनों हेतु वृहद वार्षिक रखरखाव के संदर्भ में आगे की अवधि हेतु नवीनीकरण के लिए फर्म के संतोषजनक कार्यनिष्पादन पर ही विचार किया जा सकेगा ।

13. इस संदर्भ में भुगतान प्रयोक्ताओं से प्राप्त संतोषजनक रिपोर्टों सहित 2 प्रतियों में बिलों की प्रस्तुति करने पर तिमाही आधार पर तथा आयकर अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार किया जाएगा । पार्टी अपनी कोटेशंस के साथ अपने पेनकार्ड की एक फोटो प्रति संलग्न करेगी ।

14. यदि ठेकेदार का कार्य असंतोषजनक या चूक वाला पाया जाता है तो बगैर कोई कारण बताये या बगैर कोई नोटिस दिए इस कार्यालय में सक्षम प्राधिकारी द्वारा संविदा के जारी रहने के दौरान किसी भी समय संविदा समाप्त की जा सकती है तथा यह कार्य किसी अन्य पार्टी को चूककर्ता ठेकेदार के जोखिम और खर्चे पर किसी अन्य पार्टी को सुपुर्द कर दिया जाएगा और इसमें सुरक्षा जमा राशि जब्त कर ली जाएगी । इसके अलावा ठेकेदार एसटीसी को लिक्विडेटिड क्षतियों की अदायगी करने के लिए जिम्मेदार होगा । इस संदर्भ में सक्षम प्राधिकारी अर्थात मुख्य महा प्रबंधक एसटीसी का निर्णय अंतिम और ठेकेदार पर बाध्यकारी होगा ।

15. पार्टियॉ निविदा खुलने की तारीख से 60 दिनों की अवधि के लिए अपनी कोटेशंस स्वीकृति हेतु वैध रखेंगी । लघु वैधता अवधि वाली कोटेशंस पर विचार नहीं किया जाएगा।

16. ऊपर पैरा 1 के अधीन उल्लेखित विभिन्न प्रकार की केनन फोटो कापी की मशीनें इच्छुक पार्टियों द्वारा कोटेशंस प्रस्तुत करने से पहले एसटीसी नई दिल्ली में किसी भी कार्यदिवस पर जॉचपड़ताल की जा सकती हैं ।

17\. लिफाफे पर "केनन फोटो कापी की मशीनों की एएमसी हेतु कोटेशंस " लिखा जाना चाहिए । कोटेशंस के साथ संलग्न किए जाने वाले कागजातों की चेक लिस्ट नीचे दी गयी है ।

18\. कोटेशन श्री द्वारका प्रसाद, मुख्य प्रबंधक, जवाहर व्यापार भवन, स्टेट ट्रेडिंग कार्पोरेशन आफ इण्डिया लिमिटेड, 1 टालस्टाय मार्ग, नई दिल्ली – 110001 को संबोधित होनी चाहिए ।

( द्वारका प्रसाद )
मुख्य प्रबंधक (प्रशासन)
एसटीसी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
टेलीफोन नं. 23462329

कोटेशंस के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले कागजातों की चेक लिस्ट

1. फर्म के पते के प्रमाण सहित संक्षिप्त विवरण
2. केनन से प्रमाणपत्र कि फर्म केनन की प्राधिकृत सेवा प्रदाता है
3. अद्यतन वैध आयकर प्रमाणपत्र और पेन कार्ड की प्रति
4. कम-से-कम 3 सरकारी कार्यालयों में 5 वर्षों का कार्य का अनुभव दर्शाने वाले कागजात ।
5. वचन पत्र कि विक्रेता को किसी संगठन / सरकारी विभाग द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है ।
6. किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से एसटीसी ऑफ इण्डिया लिमिटेड नई दिल्ली के पक्ष में रूपए 5000 (रूपए पॉच हजार केवल) की धरोहर जमा राशि का एक क्रॉस डिमांड ड्राफ्ट / पे आर्डर

STC/GAD/2014-15/Quotations/AMC Photostat

January 7, 2015

**Sub: Quotations for AMC approx, 41 CANON PHOTOCOPIERS in the STC JVB, New Delhi.**

(1) Sealed quotations/rates for Annual Maintenance (Per Copy) contract in respect of CANON PHOTOCOPIERS in the State Trading Corporation of India Limited for a period one year and can be extended for further period as decided by STC from time to time as per details given below:-
Maintenance and Toner replacement, repair, and replacement of parts of about 41Canon Photocopier (List attached.)

(2) All the repair works etc. will be carried out within the premises of Jawahar Vyapar Bhavan.

(3) The rates quoted shall remain valid for the contract period. No enhancement in the rates will be entertained during the period of AMC In case of satisfactory service, the contract may be extended for further periods as deemed fit as per the requirement. STC reserves the right to terminate this contract at any time without assigning any reason thereof

(4) Demand Draft/Banker's Cheque for Rs.5000/-(Rupees five thousand only) drawn in favor of STC of India Limited, payable at New Delhi towards earnest money of the unsuccessful bidder will be refunded to them on finalization of the bids No interest will be given on earnest money.`‘‘‘‘

(5) You are requested to quote the rate for the above said work and the quotation may be submitted in a sealed envelope marked “Quotation for AMC of Canon Photocopier” the top and the same should dropped in the tender box Placed at Reception, Ground floor, Jawahar Vyapar Bhawan, State Trading Corporation of India Ltd, 1 Tolstoy Marg, New Delhi-110001, upto 3.00PM on or before 28/01/2015 Quotation received after the due date and time will not be accepted. The quotations will be opened at 3.30 p.m. on 28/01/2015 you or your authorized representatives are at liberty to be present at the time of the opening of the quotations. STC reserves the right to reject any quotation in full or part without assigning reason thereof. General terms and conditions for AMC are enclosed.

Thanking you,

Yours faithfully,
For THE STC OF INDIA LTD.

(DWARKA PRASHAD)
Chief Manager (Admn.)

# GENERAL TERMS AND CONDITIONS

Sub: Comprehensive Annual Maintenance contract for CANON Photocopy Machines Installed **at STATE TRADING CORPORATION OF INDIA LTD, Jawahar Vyapar BhawanTolstoy Marg, New Delhi.**

Quotation in sealed cover are invited for Comprehensive Annual Maintenance Contract for following 41 Photocopy Machines installed in **The STATE TRADING CORPORATION OF INDIA LTD, Jawahar Vypar Bhawan, Tolstoy Marg, New Delhi** for a period of one year. The quotations should reach this office on or before 28/01/2015 (3.00 PM) the details of photocopy Machines are attached herewith

2. The rates may be quoted as "per copy " basis. The firm will provide all spare parts/toners etc. original only for these machines during the contract period and no extra payment will be made for change/replacement of parts and toners etc. It shall be responsibility of the firm to maintain all the photocopy Machines in good working order and take prompt action to rectify the machines. The firm shall provide standby photocopy Machine till the machine is got repaired by the firm in case of any delay. There are some photocopier Machines which are under warranty and the AMC in respect of these photocopiers will be assigned to the firm at the expiry of the warranty.

3. The bidders should have at least five years work experience of having similar work (comprehensive **AMC** of Canon Photocopy Machines)in at least three Govt. Offices/ **PSUs** and should submit the supporting documents including performance certificates to this effect. He should also have a regular work place, technically qualified engineers and the needed resources and infrastructure to provide the requisite materials and services and he should have functional telephone/mobile phone facility for easy accessibility. Tenders without requisite documents would be summarily rejected. The vendors should have not been blacklisted by any organization / Govt. Department. Undertaking to this effect may be submitted.

4. Quotations have to be submitted duly filled in and signed by authorized person in ink pen or ball pen. Tenders written in pencil or erased / over-written will not be considered.

5. The bidders shall not be at liberty to offer his /her terms and conditions with regard to the work that means the bidder cannot deviate from the terms and conditions given herein. Otherwise, the quotations are liable to be summarily rejected.

6. The quotations have to be submitted in sealed covers with the following “AMC of Photocopy Machines” super-scribed on the top of the sealed cover along with credentials and supporting documents.

7 Quotations are to be submitted along with refundable earnest money of Rs. 5,000/- (rupees five thousand only)The earnest money will have to be in the form of a demand draft/ pay order in favor of **“STC OF INDIA LTD”** Payable at New Delhi from a nationalized bank. The earnest money will be forfeited if the party retracts from his offer for whatever reasons. Quotations received without earnest money will be summarily rejected. The earnest money in respect of the unsuccessful bidders will be returned after award of the contract and the same in respect of the successful contractor will be adjusted by this office towards security deposit for due performance of the contract. No interest shall be payable on the amount of earnest money/security deposit. (The security deposit will be refunded without any interest only after expiry of entire contract period on the production of satisfactory service certificate from all the Users of the Machines).

8 The successful party shall be required to submit interest free security deposit equal to 10% of annual contract value in the form or bank draft/pay order/bankers cheque in favor **of STC of India Ltd: Payable at New Delhi** within 14days of receipt of letter of award of before start the work whichever is earlier. The security deposit will be refunded without any interest after expiry of entire contract period on production of satisfactory service certificate from all the users of the machines.

9 No extra charges will be paid for doing the work outside of office premises. In such cases the transport and labour charges will be borne by the contractor.

10 The rates quoted by the firm will not be enhanced during the period of contract in any case.

11 Monthly servicing of the Machines as and when asked for in emergent cases be got done by the experienced service engineer.

12 Comprehensive Annual Maintenance Contract for Photocopy machines can be considered for renewal for further period subject to satisfactory performance of the firm in the matter.

13 Payment shall be made on quarterly basis against submission of bill in duplicate along with the satisfactory reports received from the users on reading of machine basis and as per income tax act and the rules made there under. Party shall attach a photocopy of their PAN CARD along with their quotation.

14 The contract can be terminated at any time during the currency of the contract by the competent authority in this office without assigning any reason or giving any notice if the work of the contractor is found to be unsatisfactory of deficient and it would be entrusted to any other party at the risk expense of the defaulting contractor including forfeiture of the security deposit. In addition, the contractor shall be liable to pay liquidated damages to the STC. In this connection the decision of the competent authority i.e. CGM, STC shall be final and binding upon the contractor.

15 Parties shall keep their quotations valid for acceptance for a period of 60days from the date of opening. Quotations with shorter validity period will not be considered.

16 The various type of canon Photocopier Machines as mentioned under para I above, can be checked on any working day at STC, New Delhi, before submitting the Quotations by the interested parties.

17 Envelop should be super scribed as "Quotations for AMC of Canon Photocopier Machines" Check list of documents to be attached with the quotations is given below.

18 The quotation should be addressed in the name of **Sh. Dwarka Prasad, Chief Manager, STC OF India Ltd., Jawahar Vyapar Bhawan, Tolstoy Marg, New Delhi-110001.**

**(DWARKA PRASHAD)**
**CHIEF MANAGER**
**TEL. 011-23462329**

Checklist of documents to be submitted with the Quotations:

1. Brief details of the firm with address proof.
2. Certificate from **“CANON’** that the firm is authorized of CANON.
3. a copy of latest valid Income Tax Certificate and PAN card.
4. Documents indicating the five years”work experience in at least three Govt. Offices.
5. Undertaking that the vendor has not been blacklisted by any Organization / Govt. Deptt.
6. Earnest money deposit of **Rs. 5,000/- (rupees five thousand only)**in form of a crossed demand drart/ Pay order in favour of **“STC OF INDIA LTD.,** New Delhi from a nationalized bank.

| S. No | Address | Model | Sr. No. | DOI |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 6th floor DLO,Govt Audit | IR1600 | RSN16349 | 19NOV2004 |
| 2 | Telex cell, Basement | IR1600 | RSN19334 | 04APR2005 |
| 3 | 5th floor Union Room | IR2016J | KQY03164 | 17JUL2006 |
| 4 | 20th floor (Dilshad) | IR2016J | KQY03192 | 18JUL2006 |
| 5 | 20th floor, Mr I.K. Tulane | IR2016J | KQY04368 | 21JUL2006 |
| 6 | 6th floor, Hydro Carbon | IR2016J | KQY04365 | 28JUL2006 |
| 7 | 17th floor F&A Division | IR2016J | KQY04370 | 02DEC2006 |
| 8 | Car cell | IR2016J | KQY09301 | 28DEC2006 |
| 9 | 6th floor Edible Oil Seed Division | IR2016J | KQY04764 | 04JAN2007 |
| 10 | 10th floor Legal Division | IR2016J | KQY09615 | 22FEB2007 |
| 11 | 5th floor Personnel Division CGM(P) | IR2016J | MCU02677 | 21MAY2007 |
| 12 | 6th floor Annexes (Manufacturing &Product Division) | IR2016J | MCU05136 | 03AUG2007 |
| 13 | 17th floor CPF CELL | IR2016J | MCU04969 | 31AUG2007 |
| 14 | 6th floor Glod Division | IR2016J | CPK00623 | 19DEC2007 |
| 15 | 4th floor Hindi Section | IR2016J | CKP04543 | 14FEB2008 |
| 16 | 10th floor (Dir -P) | IR2022N | MZZ01016 | 04MAR2008 |
| 17 | 20th floor Mr. N K Agarawal | IR2016J | CKP04562 | 07APR2008 |
| 18 | 7th floor (Counter Trade) | IR2016J | CKP05763 | 05JUN2008 |
| 19 | 7th floor, Brand Marketing | IR2016J | CKP05526 | 05JUN2008 |
| 20 | 6th floor Edible Oil Section | IR2116J | DHR04966 | 17DEC2008 |
| 21 | 10th floor chairman Section | IR2022N | MZZ03916 | 26DEC2008 |
| 22 | 17th floor(FIN) A&E | IR2318L | EQV01562 | 16JUL2009 |
| 23 | 6th floor Hydro Carbon (Mr. Mazomdar) | IR2318L | EQV02273 | 09SEP2009 |
| 24 | 4th floor | IR2318L | EQV06560 | 14OCT2009 |
| 25 | 7th floor, Gold Division (On line) | IR2318L | EQV01278 | 22JUN2009 |
| 26 | 10th floor, Annexe (Mr. R, K.Goyal ) | IR2318L | EQV12183 | 02FEB2010 |
| 27 | 20th floor, Finance Division | IR2318L | EQV10896 | 03MAR2010 |
| 28 | 6th floor Annexe | IR2318L | EQV18999 | 14JUL2010 |
| 29 | 10th floor Dir-(SSRB) | IR2320L | EQM02912 | 01NOV2010 |
| 30 | 17th floor F&A Division | IR2320L | EQM04792 | 01JUN2011 |
| 31 | 7th floor, Vigilance Division | IR2318L | EQV37367 | 21JUN2011 |
| 32 | 7th floor, Vigilance | IR2318L | EQV39246 | 28JUN2011 |
| 33 | 10th floor, Dir,(P) | IR2320L | EQM05807 | 15NOV2011 |
| 34 | 10th floor, (Dir)-Finance | IR2420L | HWJ16794 | 11JUL2012 |
| 35 | 7th floor, fertilizer Division | IR2420L | HWJ22824 | 10OCT2012 |
| 36 | 23rd floor, MSD Division | IRADV4025 | HSC02380 | 25APR2013 |
| 37 | 6th floor, Ac section | IR2420L | HWJ34498 | 31MAY2013 |
| 38 | 17th floor, Banking Division | IR2420L | HWJ34480 | 31MAY2013 |
| 39 | 4th floor | IR2420L | HWJ34615 | 30MAY2013 |
| 40 | 6th floor, Coal & Cock Division | IR2420L | HWJ37443 | 02AUG2013 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 41 | 10th floor, Legal Division | IRADV4225 | QHZ00584 | 26DEC2013 |